कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ.प्र.
संख्या– 10/01/ई–5/2018–19
प्रयागराज–दिनांक २५ जून, 2020

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–ए–4/ई–1/2018 दिनांक 30.10.2018 द्वारा विज्ञापित उ0 प्र0 विश्वविद्यालय (केन्द्रीयित) सेवा सहायक कुल सचिव परीक्षा–2018 का लिखित परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति सं.–01/01/सी–4/6/2020–21 दिनांक 19 जून, 2020 के द्वारा घोषित किया जा चुका है। प्रश्नगत परीक्षा में साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त पद का साक्षात्कार दिनांक 30 जून, 2020 से 4 जुलाई, 2020 तक निम्नवत् निर्धारित किया गया है।

**साक्षात्कार–कार्यक्रम**

| क्रम सं. | दिनांक | अनुक्रमांक (कहाँ से कहाँ तक) |
|---|---|---|
| 1– | 30–6–2020 | 000032 से 000535 तक |
| 2– | 01–7–2020 | 000591 से 001758 तक |
| 3– | 02–7–2020 | 001782 से 002482 तक |
| 4– | 03–7–2020 | 002514 से 002938 तक |
| 5– | 04–7–2020 | 002980 से 003535 तक |

साक्षात्कार ज्ञाप तथा अन्य प्रपत्र आयोग के वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण साक्षात्कार ज्ञाप के साथ आवेदन पत्र, देशनापत्रक, प्रमाणीकरण प्रपत्र एवं विभिन्न परीक्षाओं (हाईस्कूल से लेकर आगे तक) से सम्बन्धित अंक पत्रों/प्रमाण–पत्रों की मूल एवं स्वप्रमाणित प्रतियाँ तथा राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित दो फोटो, तथा दो अप्रमाणित फोटो अवश्य लायें। साक्षात्कार के समय शैक्षिक/अनुभव सम्बन्धी अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ भी अपने साथ अवश्य लायें।

2– उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की मूल एवं छाया प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:–

**(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या समकक्ष अर्हता का प्रमाण प्रत्र तथा प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाएं ।**

**(ख) उ0 प्र0 की महिला अभ्यर्थी को पिता पक्ष से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र।**

**(ग) उ0 प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप पर जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।**

**(घ) केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति।**

**(ङ:) नियुक्ति प्राधिकर्ता द्वारा प्रदत्त अनुभव प्रमाण–पत्र, जिसमें,किसी राजकीय कार्यालय या विश्वविद्यालय के कार्यालय मे 7 वर्ष कार्य करने के अनुभव के साथ अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में आलेखन का ज्ञान तथा लेखा नियमों के ज्ञान का स्पष्ट उल्लेख हो, संलग्न किया जाना आवश्यक।**

.....2/–

उपर्युक्त प्रमाण पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

3– अभ्यर्थी अपने साक्षात्कार ज्ञाप एवं अन्य प्रपत्र जिनका उल्लेख ऊपर किया गया है, आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड/मुद्रित करके तथा उन्हें पूर्णतः भरकर समस्त संलग्नको सहित साक्षात्कार हेतु नियत उक्त तिथि को निर्धारित समय पूर्वान्ह 9.00 बजे आयोग कार्यालय के यमुना भवन में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4–अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कोविड–19 के दृष्टिगत आयोग द्वारा संलग्न निर्देशों का भली–भॉति अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक–कोविड–19 हेतु निर्गत निर्देश।

/

( अरविन्द कुमार मिश्र )
परीक्षा नियंत्रक।

# कोविड–19 के दृष्टिगत साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिये निर्देश

1– साक्षात्कार हेतु आहूत अभ्यर्थी फेस–कवर/मास्क पहनकर ही प्रवेश करेगें तथा परिसर में अनावश्यक इधर–उधर विचरण नहीं करेगें।

2– अभ्यर्थी अपने साथ अभिलेख एवं साक्षात्कार ज्ञाप एक पतले फोल्डर में लेकर आयेगें। किसी भी प्रकार का अन्य सामान एवं मोबाइल अंदर लाने की अनुमति नहीं है।

3– बुखार, खॉसी, गले में खरास, सॉस लेने में तकलीफ लक्षण वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

4– एक–दूसरे से 6 फीट की दूरी का पालन स्वयं भी करेगें।

5– निर्धारित स्थान पर हस्त प्रक्षालन/सेनिटाइजेशन का प्रयोग करेगें।

6– खांसते या छींकते समय टिश्यू पेपर/रूमाल से मुंह और नाक को ढकें। टिश्यू पेपर को डस्टबिन में ही डालें।

7– परिसर में इधर–उधर थूकना पूर्णतया प्रतिबन्धित है।

आज्ञा से,

(सत्य प्रकाश)
उपसचिव/साक्षात्कार प्रभारी।